
## संक्षिप्त समाचार

### सहकारी समितियां टोंक उप रजिस्ट्रार रविन्द्र सिंह यादव निलम्बित

**निलंबन अवधि में रोजाना उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां जैसलमेर में हाजरी देने के निर्देश**



**टोंक (सीमा सन्देश संवाददाता)।** राज्य सरकार के सहकारिता विभाग ने एक आदेश जारी करके सहकारी समितियां टोंक के उप रजिस्ट्रार रविन्द्र सिंह यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। यादव के खिलाफ राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील] नियम] 1958 के नियम 16 के तहत विभागीय जांच की कार्यवाही प्रस्तावित है। संयुक्त शासन सचिव प्रहलाद सहाय नागा द्वारा जारी आदेश के अनुसार निलंबन की अवधि के दौरान रविन्द्र सिंह यादव का मुख्यालय कार्यालय उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, जैसलमेर तय किया गया है। आदेश में स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि यादव को निलंबन काल में नियमानुसार निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा। साथ ही उन्हें जैसलमेर स्थित नए मुख्यालय पर प्रतिदिन उपस्थिति पंजिका में अपनी हाजिरी दर्ज करानी होगी और वे बिना पूवार्नुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। इस आदेश की प्रति सूचना और आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों और अधिकारियों को भी प्रेषित कर दी गई है।

### बारला पोलिया,आसन में कलश यात्रा के साथ मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा एवं पंच कुंडीय यज्ञ का शुभारंभ



**देवली (सीमा सन्देश संवाददाता)।** बुधवार को बारला पोलिया में कलश यात्रा के साथ पंच मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा एवं पंच कुंडीय यज्ञ का शुभारंभ हो गया है। जहाँ ग्राम की दर्जनों महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुई। बालमुकुंद व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन 06 से 08 मई तक बारला पोलिया, आसन में किया जा रहा है। जहाँ बुधवार को गणेश स्थापना, कलश यात्रा भगवान गुरु कृपा संस्थान के संस्थापक पंडित मुकेश गौतम की मौजूदगी में विधिवत मंत्रोच्चार के साथ हुई। उक्त कार्यक्रम का आयोजन बारला पोलिया, आसन के समस्त ग्रामवासीयो के सहयोग से किया जा रहा है। जबकि निवेदक गोपीनाथ, भरतराज, मुकेशनाथ, केदारनाथ एवं समस्त योगी परिवार, बारला पोलिया है। शुक्रवार को पूणार्हुति व मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। भण्डारा शुक्रवार, 08 मई सायं 04:00 बजे से हरि इच्छा तक होगा। गुरूवार रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। यहाँ दुर्गा लाल, राधाकांत जोशी, देवराज पंचोली व अंकित शर्मा एवं अन्य विद्वान पंडितों के द्वारा मूर्ति प्रतिष्ठा का कार्य संपादित करवाया जा रहा है।

### आदर्श कॉलेज ऑफ फामेर्सी में 'डी फामेर्सी' के प्रवेश शुरू




**देवली (सीमा सन्देश संवाददाता)।** शहर के जयपुर रोड स्थित आदर्श इंडियन पब्लिक स्कूल के समीप स्थित आदर्श कॉलेज ऑफ फामेर्सी ने नए शैक्षणिक सत्र के लिए 2 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। कॉलेज निदेशक मोहित मंगल ने बताया कि ऐसे युवा, जो फामेर्सी के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, उनके लिए यह एक अच्छा मौका है। संस्थान द्वारा वर्तमान में डी. फामेर्सी (डिप्लोमा इन फामेर्सी) कोर्स के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। यह कोर्स दो वर्ष की अवधि का है, इस सिलेबस में विद्यार्थियों को दवाइयों के निर्माण और वितरण से जुड़ी बारीकियां सिखाई जाएंगी। इस कोर्स में प्रवेश के लिए वे सभी छात्र पात्र हैं, जिन्होंने विज्ञान संकाय (जीव विज्ञान या गणित विषय) के साथ अपनी 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की है। योग्यता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी कॉलेज कैंपस में संपर्क कर सकते हैं। मंगल ने बताया कि यहां डी फामेर्सी में सबसे कम फीस में विद्यार्थियों को प्रवेश मिल रहा है। इसके अलावा सीबीएसई मान्यता प्राप्त आदर्श इंडियन पब्लिक स्कूल में आकाश इंस्टीट्यूट की फैकेल्टी की ओर से कक्षा 8 से 12 तक के स्टूडेंट्स को नीट और जेईई की तैयारी भी स्कूल एजुकेशन के साथ कराई जा रही है। इसी तरह यहां राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त आदर्श आयुवेर्दा नर्सिंग इंस्टीट्यूट कोर्स भी संचालित है।

### समाजसेवी अकबर खान बेस्ट सोशल एक्टीवीज इन राजस्थान अवार्ड से सम्मानित

**टोंक (सीमा सन्देश संवाददाता)।** आज जयपुर राज आँगन रिसोर्ट में मिस एण्ड मिस्टर इंडि ?ा- 2026 क्राउन शो में बतोर विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष रेल लाओ संघर्ष समिति टोंक एंव अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अकबर खान ने पहुचकर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित अवार्ड समारोह में बेटी फाउंडेशन की टीम डायरेक्टर राज शर्मा व उपाध्यक्ष राहुल शर्मा ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अकबर खान को बेस्ट सोशल एक्टीवीज इन राजस्थान अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्स देकर सम्मानित किया। अकबर खान ने इस सम्मान के लिए बेटी फाउंडेशन डायरेक्टर राज शर्मा सहित उनकी टीम का आभार व्यक्त कर इस तरह के आयोजन करने के लिए सराहना की की है।

**उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर ने लगाया वन विभाग की मिली भगत से अवैध बजरी खनन होने का आरोप, रेंजर पंकज शर्मा नही दे पाये ढंग से सफाई**

# ककोड पंचायत में जिला कलेक्टर टीना डाबी की रात्रि चौपाल

### विधायक द्वारा उठाया गया अवैध बजरी खनन मामला अब चचाओं में

सीमा सन्देश संवाददाता



**टोंक।** जिला कलेक्टर टीना डाबी की बुधवार को पंचायत समिति उनियारा की ग्राम पंचायत ककोड़ में राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्राम रथ यात्रा के आगमन के तहत आयोजित रात्रि चौपाल जिले के लोगो के बीच चचाओं में बनी हुई है, जहा चौपाल में मौजुद देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने वन विभाग की मिली भगत से हो रहे अवैध बजरी खनन मामले को सरे आम उठाते हुये रेंजर पंकज शर्मा सहित अन्य कार्मिको पर भ्रष्ट्राचार के खुले आरोप लगाते हुये कार्रवाही की जरूरत बताई। विधायक ने इतना ही नही रेंजर के सानिध्य में अवैध बजरी परिवहन के साधन निकलवाने, संरक्षण देने तथा गरीबो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने सहित कई आरोप लगा देने से चौपाल में मौजुद जिला कलेक्टर टीना ड़ाबी भी दंग रह गई। जानकारी के अनुसार ककोड़ में पहुची ग्राम रथ यात्रा के दौरान जिला कलेक्टर ने बैठक में आमजन से संवाद करके राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। जिला कलेक्टर ने कहा कि ग्राम रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य कृषकों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों तक राज्य सरकार की 13 विभागों से संबंधित योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी सरल एवं प्रभावी तरीके से पहुंचाना है ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस दौरान विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस की नीति से कार्य कर रही है, लेकिन वन विभाग के अधिकारी ही अवेध खनन को बढावा देकर भ्रष्ट्राचार फैला रहे है। उन्होने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वह आमजन का काम सुलभता से तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हे पहुचायें। नही तो अनियमियतता बरतने वालो पर सरकार सख्ती से काम करेगी। जिस दौरान एडीएम रामरतन सौकरिया, एसडीएम पूजा मीना, तहसीलदार पूजा मीना, विकास अधिकारी शंकर लाल सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजुद रहे।

### राजकीय किशोर व शिशु एवं पालना गृह का औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**चाईल्ड हेल्प लाईन के प्रचार के संबंध में ली जानकारी**




**टोंक।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक के सचिव दिनेश कुमार जलथुरिया ने राजकीय किशोर व शिशु एवं पालना गृह टोंक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में गृह की समुचित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। राजकीय किशोर गृह में दो बालक आश्रित पाए गए। जिसमें एक बालक की आयु 12 वर्ष एवं अन्य बालक जिसकी आयु 8 वर्ष है। न्यायाधीश ने निरीक्षण के दौरान संधारित किए जाने वाले रजिस्टरों आदि को जाँचा एवं चाईल्ड हेल्प लाईन के प्रचार के संबंध में जानकारी ली। राजकीय किशोर गृह टोंक में भवन की स्थिति, भवन की साफ-सफाई, मनोवैज्ञानिक व स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी जानकारी ली।

## जनगणना प्रशिक्षण शिविर का किया निरीक्षण



**पावटा (सीमा सन्देश संवाददाता)।** कस्बे की नर्मदा देवी बिहारी लाल जोशी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा (ग्रामीण )एवं पंचायत समिति पावटा (शहरी) के सभागार में भारतीय जनगणना 2027 के प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि यह जनगणना स्वतंत्र भारत की आठवीं जनगणना है जो पूर्ण रूप से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर की जा रही है। इस जनगणना के आंकड़े बहुत ही शीघ्र और विश्वसनीयता के साथ उपलब्ध हो सकेंगे। जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित होगी जिसमें प्रथम चरण में 1 मई 2027 से 15 मई 2027 तक स्व गणना का कार्य होगा जिसमें प्रत्येक सामान्य परिवार को अपनी स्व-गणना पर मोबाइल नंबर से लॉगिन कर जनगणना के प्रश्नों की जानकारी देनी है। सामान्य परिवार के साथ-साथ राजकीय कर्मचारीयो को भी स्व गणना करनी है। इसके लिए समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से नागरिकों को प्रेरित करने के लिए ट्रेनिंग सत्र में जानकारी दी गई। साथ ही 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक प्रगणक द्वारा भवन और मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। डॉ. साधना शर्मा ने बताया कि द्वितीय चरण में प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी तथा यह कार्य फरवरी 2027 से 1 मार्च 2027 रात्रि 12:00 बजे तक किया जाएगा। उसके बाद संपूर्ण डाटा राष्ट्रीय सर्वर पर अपलोड होने के बाद लॉक कर दिए जाएगा। जनगणना 2027 से ही सरकार द्वारा विभिन्न लाभकारी योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन किया जाएगा। इसलिए सभी नागरिकों को इसका महत्व समझते हुए सटीक जानकारी जनगणना के लिए आए हुए प्रगणक को प्रदान करनी चाहिए। डॉक्टर साधना शर्मा ने जनगणना 2027 के फील्ड ट्रेनर अजय सिंह यादव, मनमोहन मीणा, रामनिवास यादव, धीरज वशिष्ठ, राजेश गुर्जर और मोहनलाल यादव के द्वारा दी जा रही जानकारी की सराहना की और सभी प्रतिभागियों को कहा कि अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें कि आप जनगणना 2027 के पुनीत कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।

## 40 हजार की रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार



सीमा सन्देश संवाददाता

**पावटा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भैंसलाना हल्का के पटवारी प्रमोद सामरिया को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

इस कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है। एसीबी मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर एसीबी चौकी भिवाड़ी ने यह ट्रैप कार्रवाई की। महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसके पिता की पैतृक जमीन के बंटवारे का मामला एसडीएम कोर्ट में लंबित था, जिसका निर्णय 20 जून 2025 को उसके पक्ष में हुआ था।

इसके बाद पटवारी प्रमोद सामरिया को कोर्ट में कुरेजात रिपोर्ट पेश करनी थी, लेकिन आरोपी पटवारी ने रिपोर्ट तैयार करने के बदले एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग कर दी। शिकायत पर एसीबी ने 29 अप्रैल 2026 को मांग सत्यापन कराया, जिसमें पटवारी द्वारा 1 लाख रुपये की मांग कर 80 हजार रुपये में सौदा तय करना सामने आया। आरोपी ने रिश्वत राशि तीन किस्तों में लेने की सहमति जताई और पहली किस्त के रूप में 40 हजार रुपये तय किए।

इसके बाद एसीबी टीम ने जाल बिछाकर बुधवार को डीएसपी परमेश्वर लाल के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी को परिवादी से 40 हजार रुपये लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।

कार्रवाई उप महानिरीक्षक भुवन भूषण यादव के सुपरविजन में की गई। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक एस. परिमला के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है।

मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। एसीबी अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि आमजन को न्याय मिल सके।

## गरीब-मजदूर के हितों में काम करते रहने पर लोगों ने की नकवी की सराहना

### मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक अबू बकर ने बीड़ी मजदूरों के साथ कलंदर बस्ती में सादगी से मनाया जन्मदिन

सीमा सन्देश संवाददाता



**टोंक।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक एवं वक्फ बोर्ड राजस्थान के पूर्व चेयरमैन अबू बकर नकवी का जन्मदिन बुधवार को संगठन के कार्यकताओं ने बहीर टोंक में बीड़ी मजदूरों और कलंदर बस्ती के लोगो के बीच में सादगी से मनाते हुये नकवी की गरीब-मजदूरो के हित के लिए सदा साथ खड़ा रहते आने और उनके लिए काम करने की सराहना की। इस मोके पर नकवी ने कहा के कोई भी पर्व या खुशी जब गरीब मजदूर या गरीब बस्तियों में जाकर मनाया जाता है तो, उन्हे काफी अपनापन महसूस होता है।

इस अवसर पर टीम इण्डि ?ा क्रिकेट के खिलाड़ी खलील अहमद के पिता खुर्शीद अहमद पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने भी बोलते हुये लोगों को खेल भावना यानि स्पोर्ट्समैन स्पीड बनाये रखने की बात रखी। इस अवसर पर संभाग सह संयोजक अशरफ कलंदर, मंच के जिला संयोजक शकील अहमद, प्रवक्ता शहजाद अली, ईद मोहम्मद, आबिद अली अरबी ने भी उद्बोधन में कार्यकताओं को मजबूती के साथ राष्ट्र हित में काम करने का आव्हान किया। इस दौरान इस्लाम मोहम्मद, बदरुद्दीन खान, जुबेर पठान, अब्दुल लतीफ, वसीम अहमद, लइक अहमद, अबूजर नकवी, मोहम्मद हनीफ, आरिफ खान, आहमद मोहम्मद, मोहम्मद रफीक, जुनैद, मोहसिन, आकिल अहमद आदि काफी लोग मौजुद थे।

### जांगिड़ ब्राह्मण समाज विकास समिति की कार्यकारणी का हुआ विस्तार

**निवाई (सीमा सन्देश संवाददाता)।** श्री विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण समाज विकास समिति की बैठक जांगिड़ समाज छात्रावास में अध्यक्ष राधेश्याम जांगिड़ हरभगतपुरा बासडा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें सर्व समिति से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। अध्यक्ष राधेश्याम जांगिड़ ने बताया कि बैठक में सर्व सम्मति से संरक्षक के पद पर शिवजीराम बिडोली, सुरेश खारीकुई, नारायणलाल भुरटिया, हनुमान सूरीया, रामोवतार मूंडिया, सूरज वनस्थली, बनवारी मनोहरपुरिया व हनुमान बरथल, सलाहकार बाबूलाल रानोली, बद्रीलाल बिडोली व रामेश्वरप्रसाद जेतपुरा, मंत्री शंकर खंडवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश कुंडा वाले, उपाध्यक्ष सत्यनारायण नला, कोषाध्यक्ष कजोड़ सिरोही, प्रचार मंत्री शंभू जुवाड़, संगठन मंत्री सुरेश सिरोही व मीडिया प्रभारी के पद पर राजेश करीरिया को मनोनीत किया गया।

**वनकर्मियों की मौजूदगी में 'अवैध खनन का खेल'**

## चिरमी डूंगरी में रातभर गूंजती मशीने जिम्मेदार खामोश क्यों?

**पेड़ों की कटाई और पत्थरों का उत्खनन जारी; चौकी पास, कार्रवाई नदारद— प्रशासन पर उठे बड़े सवाल**



**निवाई (सीमा सन्देश संवाददाता)।** रेंज के सिरस नाका स्थित नोहटा वन चौकी के आधा दर्जन वनकर्मियों की मौजूदगी मे ठीक उनके सामने चिरमी डूंगरी दर्रा क्षेत्र में कथित अवैध खनन और पेड़ों की कटाई को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हैरानी की बात यह है कि जिस स्थान पर वन विभाग की चौकी मौजूद है, उसी के आसपास खनन गतिविधियों की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई। जबकि विधायक रामसहाय वर्मा ने भ्रष्टाचार को लेकर जिला कलेक्टर टीना डाबी को खंडवा मे आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम मे सभी विभागों मे भ्रष्टाचार की करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की बात कही थी। जिस पर पीपलू बिजली विभाग के 3-4 कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही हुई। जबकि निवाई पंचायत समिति विकास अधिकारी नंदकिशोर शर्मा, डांगरथल ग्राम विकास अधिकारी राजन्ती बैरवा, सरपंच बजरंग लाल बैरवा सहित कई कार्मिकों के खिलाफ तो कार्यवाही शुरू हो गई। लेकिन वन विभाग, पंचायत समिति, पीड़बल्यूड़ी, राजस्व विभाग, नगर पालिका, चिकित्सा सहित कई विभागों की चचाएं तो खूब हो रही है, लेकिन कार्यवाही कब होंगी ये भविष्य के गर्भ मे है।

ग्रामीणों का दावा है कि क्षेत्र में देर रात तक जेसीबी, डंपर और अन्य भारी मशीनें चलती हैं। पहाड़ियों में खुदाई कर सफेद पत्थर निकाले जाते हैं और वाहनों के जरिए बाहर भेजे जाते हैं। सवाल यह उठता है कि जब यह सब खुलेआम हो रहा है, तो जिम्मेदार विभाग को इसकी भनक क्यों नहीं लग रही?

**'रात में चलता है खेल, दिन में सन्नाटा' :** स्थानीय लोगों के मुताबिक, अंधेरा होते ही खनन गतिविधियां तेज हो जाती हैं। मशीनों की आवाजें दूर-दूर तक सुनाई देती हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सन्नाटा पसरा रहता है। इससे यह धारणा बन रही है कि या तो निगरानी बेहद कमजोर है या फिर कोई बड़ा खेल चल रहा है।

**हरे पेड़ों पर भी आरी, पर्यावरण पर वार:** खनन के साथ-साथ प्लांटेशन क्षेत्र में पेड़ों की कटाई की शिकायतें भी सामने आई हैं। अगर यह सच है, तो यह सिर्फ अवैध गतिविधि नहीं बल्कि पर्यावरण पर सीधा हमला है। पेड़ों की कटाई से वन्यजीवों का बसेरा उजड़ने का खतरा भी बढ़ गया है।

**चेकडैम क्षेत्र भी नहीं बचा:** ग्रामीणों का कहना है कि नोहटा प्रथम क्षेत्र के चेकडैम नंबर-04 के आसपास भी खुदाई के निशान देखे गए हैं। अगर जल संरचनाओं के पास भी खनन हो रहा है, तो यह आने वाले समय में जल संकट और भू-क्षरण जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है।


**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्व में पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में ज्ञात)

पंजीकृत कार्यालयः छठी मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा टूएनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
शाखा इकाईः प्लॉट नं. 87 सी, वीर दुर्गा दास नगर, पाली, राजस्थान- 306 401

**ई-नीलामी- बिक्री सूचना**
सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल आस्ति की बिक्री

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा जनसामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** और (इसके बाद अधिनियम के अनुसार 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन नोटिस की पालना में अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम के नियम 8 व 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है।

सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 08.06.2026 को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है'के आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइटः **https://www.bankeauctions.com.** पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी **www.grihumhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें।

| क्र सं. | प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए) | मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी) | कब्जे का प्रकार(सी) | संपत्ति का विवरण (डी) | आरक्षित राशि (ई) | ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ) | ईएमडी जमा करने की तिथि(जी) | बोली वृद्धि (एच) | सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई) | नीलामी की तिथि और समय (जे) | ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋण संख्या HL006351000000 0 5045277 अशोक कुमार मालवीय (ऋणधारक) डिम्पल डिम्पल (सह-ऋणधारक) | नोटिस दिनांकः 10.09.2025 कुल बकायाः रुपये 1414500/- (रुपये चौदह लाख चौदह हजार पांच सौ मात्र) 10.09.2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 13.85 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित | भौतिक | प्लॉट नंबर 79 के पश्चिमी भाग, चक नंबर 1, खसरा नंबर 1264/1, वर्धमान नगर, पाली, तहसील पाली, और जिला पाली, राजस्थान में स्थित सम्पत्ति के समस्त खण्ड व हिस्से, अधिमापन क्षेत्र 500 वर्ग फीट (जिसे इसके बाद 'उक्त संपत्ति' कहा जाएगा)। और प्लॉट की सीमाएँ इस प्रकार हैः उत्तर - 20 फुट चौड़ी सड़क; दक्षिण - प्लॉट नंबर 82; पूर्व - प्लॉट नंबर 79 का शेष भाग; पश्चिम - प्लॉट नंबर 80 क्षेत्र 500 वर्ग फीट | रु. 1421438.00/- (चौदह लाख इक्कीस हजार चार सौ अडतीस मात्र) | रु. 142143.80/- (एक लाख बयालीस हजार एक सौ तैंतालीस अस्सी पैसे मात्र) | 06.06.2026 सायं 5 बजे से पहले | 10,000/- | 01.06.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे ) | 08.06.2026 (प्रातः 11- सायं 2) | निल |
| 2 | ऋण संख्या HL006232000000 05052585 एवं HL006231000000 05054738 मीनाक्षी (ऋणधारक) चन्द्र वीर सिंह (सह-ऋणधारक) | नोटिस दिनांकः 11.12.2025 कुल देय राशिः रुपये 3466597.00/- (रुपये चौंतीस लाख छियासठ हजार पांच सौ सत्तानवे मात्र), जिसमें HL00623200000005052585 में 2184682.00/- रुपये की बकाया राशि शामिल और HL00623100000005054738/-() में 1281915.00 देय राशि 11-12-2025 के अनुसार, जिस पर 12.35% और 12.85% प्रति वर्ष की दर से ब्याज देय होगा, भुगतान होने तक। | भौतिक | संपत्ति 1 - 'श्याम रेजिडेंसी' योजना के अंतर्गत वैशाली एलिगेंस, लालरपुरा, गांधी पथ पश्चिम, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित प्लाट संख्या 14 व 15 के तृतीय तल पर इकाइ संख्या 404 (पेंट हाउस) के समस्त खण्ड व हिस्से, इसकी सीमाएँ नीचे दी गई हैंः पूर्व - प्लॉट नंबर 13; पश्चिम - सड़क; उत्तर - सड़क; दक्षिण - प्लॉट नंबर 15। संपत्ति 2 - 'श्याम रेजिडेंसी' योजना के अंतर्गत वैशाली एलिगेंस, लालरपुरा, गांधी पथ पश्चिम, जिला जयपुर, राजस्थान में स्थित प्लाट संख्या 14 व 15 पर तृतीय तल पर इकाई संख्या 403 के समस्त खण्ड व हिस्से, बिल्ट अप क्षेत्र 240 वर्ग फीट इसकी सीमाएँ तकनीकी रिपोर्ट के अनुसार इस प्रकार हैंः पूर्व - प्लॉट नंबर 13; पश्चिम - 30 फुट चौड़ी सड़क; उत्तर - 40 फुट चौड़ी सड़क; दक्षिण - प्लॉट नंबर 15 | 1. LAN HL006232000000 05052585 के लिए आरक्षित राशि राशि : 2231600/- (रुपये बाइस लाख इकतीस हजार छह सौ मात्र) 2. LAN HL006231000000005054738 के लिए आरक्षित राशि 1146600.00/-(रु. ग्यारह लाख छियालीस हजार छह सौ मात्र) | 1. LAN HL00623200000005 052585 के लिए ईएमडी राशि : 223160/- (रुपये दो लाख तेईस हजार एक सौ साठ मात्र) 2. LAN HL00623100000005054 738 के लिए ईएमडी राशि :114660.00/- (रुपये एक लाख चौदह हजार छह सौ साठ मात्र) | 06.06.2026 सायं 5 बजे से पहले | 10,000/- | 01.06.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे ) | 08.06.2026 (प्रातः 11- सायं 2) | निल |
| 3 | ऋण संख्या LAP01992000000 05006251 एवं HF0199H20100193 तोशिब मोहम्मद असलम (ऋणधारक) नजमा मोहम्मद-असलम (सह-ऋणधारक) नजमा | नोटिस दिनांकः 07-06-2025 कुल देय राशिः 1585650.00/- (रुपये पंद्रह लाख पिचासी हजार छह सौ पचास मात्र), जिसमें LAP01992000000005006251 में रुपये 499627.00/- और HF0199H20100193 में रुपये 1086023.00/- की बकाया राशि शामिल है, जो 07-06-2025 तक देय है, साथ ही वसूली तक 15.35% और 14.85% प्रति वर्ष की दर से ब्याज भी देय है। | भौतिक | 'शिव विहार सेकंड', ग्राम आनंदपुरा, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा, राजस्थान में स्थित (यह खसरा नंबर 190 का एक भाग है) मकान/प्लाट संख्या '28' के समस्त खंड व हिस्से, नाप 800 वर्ग फीट। मकान/प्लॉट की सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्व - 30 फुट चौड़ा आम रास्ता; पश्चिम - प्लॉट नंबर 46; उत्तर - प्लॉट नंबर 29; दक्षिण - अन्य भूमि। | रु. 1680000.00/- (रुपये सौलह लाख अस्सी हजार मात्र) | रु. 168000.00/- (रुपये एक लाख अड़सठ हजार मात्र) | 06.06.2026 सायं 5 बजे से पहले | 10,000/- | 01.06.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे ) | 08.06.2026 (प्रातः 11- सायं 2) | निल |

**इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए।**

इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड **पता- प्लॉट नंबर-68 तृतीय तल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क -व्यक्ति धारनी पी, ईमेल आईडी- dharani.p@c1inida.com संपर्क नंबर- 9948182222** से अग्रिम रूप से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर-411014 'गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के नीलामी आय खाता **बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या-09155100028 और आईएफएससी कोड- ICIC0000915** के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है, 06.06.2026 को या उससे पहले किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर आहरित किया और **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करें और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपलोड किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए **यहां पता -पताः प्लॉट नं. 87 सी, वीर दुर्गा दास नगर, पाली, राजस्थान- 306 401 मोबाइल नंबर +91 828113143 ई-मेल आईडी rohan.savala@grihumhousing.com** को ई-मेल व स्व-अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता है। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नियम व शर्तों के अधिक विवरण के लिए कृपया https://www.bankeauctions.com या **www.grihumhousing.com** पर जाएं।

**यह सूचना ऋणधारक/सह-ऋणधारक/बंधककर्ता(ओं) जमानतदार(ों) को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम - 2002 के के नियम 8(6) के अधीन 30 दिनों के नोटिस के रूप में भी ली जाये।**

**किसी भी स्थिति में, यदि स्थानीय भाषा में प्रकाशित समाचार पत्र और अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित समाचार पत्र की सामग्री में कोई अंतर हो, तो द इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र की सामग्री ही मान्य होगी।**

दिनांकः 07.05.2026, स्थानः राजस्थान
हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड